# श्याम दरबार सजाया है

आज बड़ा शुभ दिन आया है आज बड़ा शुभ दिन आया है,
शुभ दिन आया है श्याम दरबार सजाया है,
आज बड़ा शुभ दिन आया है आज बड़ा शुभ दिन आया है,

श्याम की मूरत रख के चरण में सिर को धर के,
ढ़ोकलो श्याम धनी को यो गात पवित्र करके,
सीधा रास्ता पार जान का यही बताया है ,
आज बड़ा शुभ दिन आया है आज बड़ा शुभ दिन आया है,

आज दिल होगा परशन श्याम के होंगे दर्शन,
धर्म की महफ़िल है ये करो सब भाव से कीर्तन,
शुभ कर्मो की खातिर सब को मिली ये काया है
आज बड़ा शुभ दिन आया है आज बड़ा शुभ दिन आया है,

सदा राजा न रानी सदा नहीं सिखर जवानी,
सदा रंग रूप रहे न सदा नहीं ये जिंदगानी,
फिर जोगी ने आवा गमन का खेल रचाया है,
आज बड़ा शुभ दिन आया है आज बड़ा शुभ दिन आया है,

तालियां जम के बजाना आज है श्याम रिझाना
देवता खुश हो जाए शेखर का मान लो कहना,
श्याम किरपा से इस बल का भाग समाया है,
आज बड़ा शुभ दिन आया है आज बड़ा शुभ दिन आया है,

Source: https://www.bharattemples.com/shyam-darbar-sajaya-hai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw